**दिनांक 10.02.2026 को AIIB (Asian Infrastructure Investment Bank) के Project team Leader Mr. Hari Bhaskar एवं उनके Team के साथ प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में V.C.के माध्यम से बैठक सम्पन्न हुई जिसकी कार्यवाही निम्नवत् है:–**

**बैठक में उपस्थित जल संसाधन विभाग के पदाधिकारीगण :–**

1. ई0 अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना
2. ई0 ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, पटना।
3. ई0 वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. ई0 प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
5. ई0 दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–01, पटना।
6. मो0 आसिफ इकबाल, प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग।

- बैठक में AIIB के Team को पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (ई0आर0एम0) योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि जून–25 के Price Level के आधार पर इस योजना की कुल प्राक्कलित राशि रू0 5868.58 करोड़ है, जिसका D.P.R. परामर्शी WAPCOS के द्वारा तैयार किया गया है। जिसमें पूर्व से चल रहे कार्यों को छोड़कर नये कार्य की प्राक्कलित राशि रू0 3375.24 करोड़ है। उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि इस कार्य का Benefit Cost Ratio 2.82 है। जिसे DoWR, RD&GR, MoJS के दिनांक–08.07.2025 को संपन्न 159वीं सलाहकार समिति मे मंजूरी मिल गई है। इसके अतिरिक्त प्रधान सचिव महोदय द्वारा इस कार्य के विभिन्न अवयवों एवं इसके प्रकार के संबंध मे विस्तृत चर्चा की गई।
- बैठक में AIIB के प्रतिनिधि श्री हरि भाष्कर द्वारा इस योजनान्तर्गत नव प्रावधानित कार्य के लिए Procurement Strategy के संबंध में चर्चा की गई।
- AIIB के प्रतिनिधि द्वारा उक्त प्रस्तावित योजना के Preliminary Project Report (PPR) को तैयार करने हेतु Department of Economics Affairs (DEA) के द्वारा निर्धारित मापदंड को ध्यान में रखने का सुझाव दिया गया। इस क्रम में उनको यह जानकारी दी गई कि प्रस्तावित योजना का PPR परामर्शी WAPCOS द्वारा DoWR, RD & GR, MoJS को भेजने हेतु तैयार किया गया था, जिसपर MoJS द्वारा अग्रेत्तर कार्रवाई की गई है। उक्त PPR को AIIB के Guideline पर समग्र योजना एवं अन्वेषण से संबंधित पदाधिकारियों द्वारा WAPCOS की मदद से तैयार करा लिया जाएगा।
- श्री भाष्कर द्वारा उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु PIU एवं PMU गठन का अनुरोध किया गया ताकि योजना में Environmental Expert तथा Climate adaptation इत्यादि का ध्यान रखा जा सके। इस क्रम में प्रधान सचिव महोदय द्वारा AIIB के प्रतिनिधियों को बताया गया कि विभाग वर्ल्ड बैंक की परियोजना में कार्य कर रहा है तथा इस प्रकार के योजनाओं को क्रियान्वित करने का अनुभव रखता है।

- श्री भाष्कर द्वारा बताया गया कि AIIB का Procurement Policy वर्ल्ड बैंक के Procurement Policy से काफी मिलता–जुलता है तथा AIIB के website पर उपलब्ध है। उनके द्वारा यह भी अनुरोध किया गया कि PMU के गठन में वर्ल्ड बैंक के साथ कार्य करने वाले कम से कम एक पदाधिकारी को अवश्य सम्मिलित किया जाय।
- योजनाओं के कार्यकारी अवधि की चर्चा करते हुए प्रधान सचिव महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि यहाँ नहरों पर कार्य कराने के लिए नहर संचालन अवधि को छोड़कर 6–7 महीने का ही Working Period मिल पाता है।
- बैठक में AIIB के Team Leader श्री भाष्कर द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए संबंधित पदाधिकारियों का Contact Details Share करने का अनुरोध किया गया। जिसके लिए मो0 आसिफ इकबाल, विशेष कार्य पदाधिकारी को सहयोग करने हेतु निदेशित किया गया।

13/3

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

---

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान (विविध)–109/2025– 576 /पटना, दिनांक : 16.03.26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, पटना/ अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–01/02/03, जल संसाधन विभाग पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान (विविध)–109/2025– 576 /पटना, दिनांक : 16.03.26

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग सिवान/ मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपेरेशन,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान (विविध)–109/2025– 576 /पटना, दिनांक : 16.03.26

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

16/3/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

३४५

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान (विविध)–109 / 2025– 576 / पटना, दिनांक : 16.03.26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

16/3/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान (विविध)–109 / 2025– 576 / पटना, दिनांक : 16.03.26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

16/3/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)